जोगिया 3 | by Sonu Lakha

सांवरिया से नैन मिलाके भेद जिगर के खोल
जय बाबा की बोल जोगिया जय बाबा की बोल

श्याम की यारी सब ते प्यारी इस जैसा कोई और नहीं
श्याम रंग में रंगी चुनरिया दिल पे चाले ज़ोर नहीं
बन के दीवाना नाच बावले मन में मस्ती घोल
जय बाबा की बोल जोगिया जय बाबा की बोल

हर युग की हर शय में बसता मोहन मुरली वाला
कलयुग में अवतार उन्ही का बाबा खाटूवाला
हर एक दिल में राज करे मेरा बाबा है अनमोल
जय बाबा की बोल जोगिया जय बाबा की बोल

रमता जोगी बहता पानी झूठा नहीं है पगले
सोनू लक्खा कहे मुरारी राधे राधे भज ले
सब रिश्ते झूठे जग के एक दिन खुल जावे पोल
जय बाबा की बोल जोगिया जय बाबा की बोल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-3-by-sonu-lakha/